✧˖⋯°*❋ ❋*°⋯˖✧

# श्री कृष्ण चालीसा
# Shri Krishna Chalisa

✧˖⋯°*❋ ❋*°⋯˖✧

Created in Master PDF Editor

# ॥ श्री कृष्ण चालीसा ॥

बंशी शोभित कर मधुर,
नील जलद तन श्याम ।
अरुण अधर जनु बिम्बफल,
नयन कमल अभिराम ॥

पूर्ण इन्द्र, अरविन्द मुख,
पीताम्बर शुभ साज ।
जय मनमोहन मदन छवि,
कृष्णचन्द्र महाराज ॥

जय यदुनन्दन जय जगवन्दन
जय वसुदेव देवकी नन्दन॥

जय यशुदा सुत नन्द दुलारे
जय प्रभु भक्तन के दृग तारे॥

जय नट-नागर नाग नथैया
कृष्ण कन्हैया धेनु चरैया॥

पुनि नख पर प्रभु गिरिवर धारो
आओ दीनन कष्ट निवारो॥

वंशी मधुर अधर धरी टेरौ
होवे पूर्ण मनोरथ मेरौ ॥5॥

आओ हरि पुनि माखन चाखो
आज लाज भक्तान की राखो॥



Created in Master PDF Editor

गोल कपोल, चिबुक अरुणारे
मृदु मुस्कान मोहिनी डारे॥

रंजित राजिव नयन विशाला
मोर मुकुट वैजयंती माला॥

कुण्डल श्रवण पीतपट आछे
कटि किंकणी काछन काछे॥

नील जलज सुन्दर तनु सोहे
छवि लखि, सुर नर मुनिमन मोहे॥10॥

मस्तक तिलक, अलक घुंघराले
आओ कृष्ण बांसुरी वाले॥

करि पय पान, पुतनहि तारयो
अका बका कागासुर मारयो॥

मधुवन जलत अग्नि जब ज्वाला
भै शीतल, लखितहिं नन्दलाला॥

सुरपति जब ब्रज चढ़यो रिसाई
मसूर धार वारि वर्षाई॥

लगत-लगत ब्रज चहन बहायो
गोवर्धन नखधारि बचायो॥15॥

लखि यसुदा मन भ्रम अधिकाई
मुख महं चौदह भुवन दिखाई॥

दुष्ट कंस अति उधम मचायो
कोटि कमल जब फूल मंगायो॥



Created in Master PDF Editor

नाथि कालियहिं तब तुम लीन्हें
चरणचिन्ह दै निर्भय किन्हें॥

करि गोपिन संग रास विलासा
सबकी पूरण करी अभिलाषा॥

केतिक महा असुर संहारयो
कंसहि केस पकड़ि दै मारयो॥20॥

मात-पिता की बन्दि छुड़ाई
उग्रसेन कहं राज दिलाई॥

महि से मृतक छहों सुत लायो
मातु देवकी शोक मिटायो॥

भौमासुर मुर दैत्य संहारी
लाये षट दश सहसकुमारी॥

दै भीमहिं तृण चीर सहारा
जरासिंधु राक्षस कहं मारा॥

असुर बकासुर आदिक मारयो
भक्तन के तब कष्ट निवारियो॥25॥

दीन सुदामा के दुःख टारयो
तंदुल तीन मूंठ मुख डारयो॥

प्रेम के साग विदुर घर मांगे
दुर्योधन के मेवा त्यागे॥



Created in Master PDF Editor

लखि प्रेम की महिमा भारी
ऐसे श्याम दीन हितकारी॥

भारत के पारथ रथ हांके
लिए चक्र कर नहिं बल ताके॥

निज गीता के ज्ञान सुनाये
भक्तन ह्रदय सुधा वर्षाये॥30॥

मीरा थी ऐसी मतवाली
विष पी गई बजाकर ताली॥

राना भेजा सांप पिटारी
शालिग्राम बने बनवारी॥

निज माया तुम विधिहिं दिखायो
उर ते संशय सकल मिटायो॥

तब शत निन्दा करी तत्काला
जीवन मुक्त भयो शिशुपाला॥

जबहिं द्रौपदी टेर लगाई
दीनानाथ लाज अब जाई॥35॥

तुरतहिं वसन बने ननन्दलाला
बढ़े चीर भै अरि मुँह काला॥

अस नाथ के नाथ कन्हैया
डूबत भंवर बचावत नैया॥

सुन्दरदास आस उर धारी
दयादृष्टि कीजै बनवारी॥



Created in Master PDF Editor

नाथ सकल मम कुमति निवारो।
क्षमहु बेगि अपराध हमारो॥

खोलो पट अब दर्शन दीजै।
बोलो कृष्ण कन्हैया की जै॥40॥

॥ दोहा ॥
यह चालीसा कृष्ण का,पाठ करै उर धारि।
अष्ट सिद्धि नवनिधि फल,लहै पदारथ चारि॥

✧ₓ┈┈°*❋ ❋*°┈┈ₓ✧



Created in Master PDF Editor

# Shri Krishna Chalisa

Banshi Shobhit Kar Madhur,
Neel Jalad Tan Shyam ॥
Arun Adhar Janu Bimbphal,
Nayan Kamal Abhiram ॥

Poorn Indra, Aravind Mukh,
Peetambar Shubh Saaj ॥
Jai Manmohan Madan Chhavi,
Krishnachandra Maharaj ॥

**॥ Chaupai ॥**

Jai Yadunandan Jai Jagavandan
Jai Vasudev Devaki Nandan ॥

Jai Yashuda Sut Nand Dulare
Jai Prabhu Bhaktan Ke Drig Tare ॥

Jai Nat-Nagar Nag Nathaiya
Krishna Kanhaiya Dhenu Charaiya ॥

Puni Nakh Par Prabhu Girivar Dharo
Aao Deenan Kasht Nivaro ॥

Vanshi Madhur Adhar Dhari Tero
Hove Purn Manorath Mero ॥5 ॥

Aao Hari Puni Makhan Chakho
Aaj Laaj Bhaktan Ki Rakho ॥

Gol Kapol, Chibuk Arunare



Created in Master PDF Editor

Mridu Muskaan Mohini Dare ||

Ranjit Rajiv Nayan Vishala
Mor Mukut Vaijayanti Mala ||

Kundal Shravan Peetapat Aache
Kati Kinkani Kachan Kache ||

Neel Jalaj Sundar Tanu Sohe
Chhavi Lakhi, Sur Nar Muniman Mohe ||10 ||

Mastak Tilak, Alak Ghunghrale
Aao Krishna Bansuri Wale ||

Kari Pay Paan, Putanahi Tarayo
Aka Baka Kagasur Marayo ||

Madhuvan Jalata Agni Jab Jwala
Bhai Sheetal, Lakhitahin Nandalala ||

Surapati Jab Braj Chadayo Risaai
Masoor Dhaar Vari Varshai ||

Lagat-Lagat Braj Chahan Bahayo
Govardhan Nakhdhari Bachayo ||15 ||

Lakhi Yasuda Man Bhram Adhikai
Mukh Mahin Chaudah Bhuvan Dikhai ||

Dusht Kans Ati Udham Machayo
Koti Kamal Jab Phool Mangayo ||

Nathi Kaliyahin Tab Tum Leenhen
Charanchinh Dai Nirbhay Kinhhen ||



Created in Master PDF Editor

Kari Gopin Sang Raas Vilasa
Sabki Puran Kari Abhilasha ||

Ketika Maha Asur Sanharayo
Kansahi Kes Pakdi Dai Marayo ||20 ||

Maat-Pita Ki Bandi Chhudaai
Ugrasen Kahan Raaj Dilaai ||

Mahi Se Mritak Chhahoon Sut Laayo
Maatu Devaki Shok Mitaayo ||

Bhaumaasur Mur Daitya Sanhaari
Laaye Shat Dash Sahasakumaari ||

Dai Bhimhin Trin Cheer Sahaara
Jaraasindhu Raakshas Kahan Maara ||

Asur Bakasur Adik Maarayo
Bhaktan Ke Tab Kasht Nivaarayo ||25 ||

Deen Sudaama Ke Dukh Taarayo
Tandul Teen Moonth Mukh Daarayo ||

Prem Ke Saag Vidur Ghar Maange
Duryodhan Ke Mewa Tyaage ||

Lakhi Prem Ki Mahima Bhaari
Aise Shyaam Deen Hitkaari ||

Bharat Ke Parath Rath Haanke



Created in Master PDF Editor

Liye Chakra Kar Nahin Bal Taanke ||

Nij Geeta Ke Gyaan Sunaaye
Bhaktan Hriday Sudha Varshaaye ||30 ||

Meera Thi Aisi Matwaali
Vish Pee Gayi Bajakar Taali ||

Rana Bheja Saamp Pitari
Shaligram Bane Banwari ||

Nij Maya Tum Vidhi Dikhayo
Ur Te Sanshay Sakal Mitayo ||

Tab Shat Ninda Kari Tatkaala
Jeevan Mukt Bhayo Shishupaala ||

Jabahin Draupadi Ter Lagai
Deenanaath Laaj Ab Jai ||35 ||

Turatah Vasan Bane Nandlala
Badhe Chheer Bhai Ari Munh Kaala ||

As Naath Ke Naath Kanhaiya
Doobat Bhanvar Bachavat Naiya ||

Sundardas Aas Ur Dhaari
Dayadrishti Kijai Banwari ||

Naath Sakal Mam Kumati Nivaaro
Kshamahu Begi Aparadh Hamaro ||

Kholo Pat Ab Darshan Dijai



Created in Master PDF Editor

Bolo Krishna Kanhaiya Ki Jai ॥40॥

**॥ Doha ॥**

Yah Chalisa Krishna Ka, Paath Karai Ur Dhaari ॥
Asht Siddhi Navnidhi Phal, Lahai Padarath Chari ॥

✧ₓ┉┉°*❋ ❋*°┉┉ₓ✧

Created in Master PDF Editor